# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 6

Chapter Name : सागर - यात्रा

Q1 (क) सागर यात्रा में नौका को सँभालने के लिए हर समय एक व्यक्ति की ज़रूरत थी। क्यों ?

(ख) वे लोग समुद्र की यात्रा कर रहे थे। समुद्र यात्रा में भी उन्हें पानी की समस्या क्यों हुई ?

Answer. (क) सागर यात्रा में नौका सँभालने के लिए हर समय एक व्यक्ति की ज़रूरत थी जिससे वह व्यक्ति जहाज़ का चक्का सम्भालकर और द्वीपों तथा व्हेल मछलियों जैसे ख़तरों पर नज़र रख सके।

(ख) समुद्र का पानी खारा(नमकीन) होने की वजह से ना तो पीने लायक होता हैं और न ही नहाने लायक होता हैं । पानी खारा होने के कारण उसमें साबुन भी भली-भाँति काम नहीं करती हैं। इसलिए समुद्र यात्रा में भी उन्हें पानी की समस्या हुई थी।

Page : 41 , Block Name: पाठ से

Q2 "हम सब इस अभियान के ख़तरों को जानते थे।"

समुद्री यात्रा में उन यात्रियों को कौन-कौन से ख़तरों और परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

Answer. समुद्री यात्रा में सबसे ज़्यादा परेशानी और भय पानी तथा व्हेल मछलियों का था। समुद्री तूफ़ान, समुद्री तेज़ हवाओं का भी खतरा रहता है। जब तूफ़ान में जहाज़ दूर बहकर चला गया तो उन्हें लगा कि जहाज चट्टान से टकराकर टूट जाएगा। जहाज में रखे सारे रक्षक उपकरण खो गए थे जिस कारण वे भयभीत थे। १५ दिनों के लिए रेडियो सर्म्पक टूट जाने के कारण समाचार पत्रों में खबर फैला दी गयी कि 'तृष्णा' लापता हो गया है। परन्तु फिर भी वे अपनी मंजिल पहुँचने में सफल हुये।

Page : 41, Block Name: खतरे

Q3 "एक सदस्य माँ की भूमिका निभाता"

(i) नौका पर माँ की भूमिका निभाने वाला व्यक्ति कौन कौन से काम करता था?

(ii) तुम्हारे विचार से उन कामों को माँ के कामों की उपमा क्यों दी गई होगी?

Answer. (i) नौका पर माँ की भूमिका निभाने वाला व्यक्ति खाना पकाने, बर्तन मांजने, शौचालय की सफाई जैसे काम किया करता था। ताकि नौका साफ रहे। सबको चाय पिलाना भी उसी का काम था। पांच दिन में एक बार सबकी बारी आया करती थी। सारे काम खत्म करने के बाद ही अगर मौसम अच्छा रहता तभी आराम कर सकते थे।

(ii) मुझे लगता है कि उन कामों को माँ के कामों की उपमा इसलिए दी गई होगी क्योंकि घर मे इन सब कामों को माँ ही किया करती है।

aglasem.com

Page : 41, Block Name: माँ के काम

Q4 क्या तुमने कभी किसी के लिए माँ की भूमिका निभाई है? यदि हां, तो बताओ

(क) तब तुमने कौन-कौन से काम किए थे?

(ख) वे काम क्यों और किस लिए किए थे?

(ग) तुम्हारी माँ या घर का अन्य कोई सदस्य सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक कौन-कौन से काम करता है? सूची बनाओ।

Answer. (क) माँ के सब काम जैसे घर की सफाई, खाना बनाना आदि |

(ख) जब घर पर माँ नहीं हो और छोटे भाई-बहन हो तो माँ के सब काम करने पड़ते है।

(ग) घर पर माँ सुबह से रात तक में घर की सफाई, सभी के लिए चाय-नाश्ता, कपड़े धोना, खाना बनाना, सभी की जरूरतों का ख्याल रखना सब काम करती है |

Page : 41, Block Name: माँ के काम

Q5सागर के यात्रियों को पानी के कारण बहुत परेशानी होती थी। बताओ

(क) उन्हें पानी के कारण क्या क्या परेशानियां हुई?

(ख) क्या आपके आसपास भी पानी की समस्या होती है, उसके बारे में बताओ।

(ग) उस समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है?

Answer. (क) पानी से गीला होने के बाद, नहाना नही चाहिए और नहाना भी हो तो साफ पानी से नहाना चहिये नही तो एक चिपचिपी , खुजलाहट वाली परत जम जाती है तो आसानी से नही जाती। इससे काफी परेशानी होती है। विशेष रूप से साबुन के इस्तेमाल में समुद्री साबुन का इस्तेमाल करना चाहिए ताकि परेशानी का कम सामना करना पड़े।

(ख) जी हाँ, कभी कभी सरकारी जल वाली लाइन से पानी नही आता तब हमें एक दूसरे से मांग कर काम चलाना पड़ता है। कभी नहाने में भी पानी का इस्तेमाल कम करना पड़ता है।

(ग) एक दूसरे की मदद से इस समस्या का समाधान किया जाता है।

Page : 41, Block Name: पानी की परेशानी

Q6 तुमने अभी 10 भारतीय यात्रियों की एक अनूठी यात्रा की कहानी पढ़ी, तुम भी अपनी या किसी अन्य व्यक्ति की यात्रा के बारे में बताओ।

Answer. बच्चे स्वयं करे।

aglasem.com

Page : 41, Block Name: अपनी-अपनी यात्रा

Q7 'बंदरगाह' समुद्र के किनारे की वह जगह होती है जहाँ पानी के जहाज़, नौकाएँ आदि ठहरते हैं। पता लगाओ इन जगहों पर क्या होता है–

(i) अस्तबल

(ii) हवाई-अड्डा

(iii) पोस्ट-ऑफिस

(iv) अस्पताल

(v) न्यायालय

(vi) बाज़ार

Answer.

(i) अस्तबल - घोड़ों के रहने की जगह।

(ii) हवाई-अड्डा - जहाँ हवाई जहाज़ आकर रुकते हैं।

(iii) पोस्ट-ऑफ़िस - इस स्थान पर चिट्ठियाँ आदि डाली व भेजी जाती हैं व टिकटें मिलती हैं।

(iv) अस्पताल - यहाँ रोगियों का इलाज होता हैं।

(v) न्यायालय - यहाँ कानूनी कार्यवाही होती हैं न्याय मिलता हैं।

(vi) बाज़ार - यहाँ से हम सभी सामान खरीदते और बेचते हैं।

Page : 41 , Block Name: विशेष जगहों के नाम

Q8तृष्णा को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किया गया था। आपस में चर्चा करके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर खोजों-

(क) गणतंत्र दिवस किसे कहते हैं? यह किस दिन मनाया जाता है?

(ख) गणतंत्र दिवस के दिन क्या-क्या कार्यक्रम होते हैं?

(ग) दूरदर्शन या आकाशवाणी पर गणतंत्र दिवस परेड देखकर उसके बारे में कुछ पंक्तियां लिखो।

Answer. (क) गणतन्त्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन भारत का संविधान लागू किया गया था।

(ख) 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय राष्ट्र ध्वज को फहराया जाता हैं और इसके बाद सामूहिक रूप में खड़े होकर राष्ट्रगान गाया जाता है। हर जगह पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाते है |

aglasem.com

(ग) इस अवसर पर हर साल एक भव्य परेड इंडिया गेट से राष्ट्रपति भवन तक राजपथ पर नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। इस भव्य परेड में भारतीय सेना के विभिन्न रेजिमेंट, वायुसेना, नौसेना आदि भाग लेते हैं। परेड प्रारंभ करते हुए प्रधानमंत्री अमर जवान ज्योति पर पुष्प माला डालते हैं| इसके बाद शहीद सैनिको ं की स्मृति में दो मिनट मौन रखा जाता है। परेड में विभिन्न राज्यों की प्रदर्शनी भी होती हैं, प्रदर्शनी में हर राज्य के लोगों की विशेषता, उनके लोक गीत व कला का दृश्यचित्र प्रस्तुत किया जाता है। परेड और जुलूस राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित होता है और देश के हर कोने में करोड़ों दर्शकों के द्वारा देखा जाता है।

Page : 41, Block Name: गणतंत्र दिवस

Q9 "इस कठिन दिनचर्या के कारण शतरंज खेलने के लिए समय ही नहीं मिलता था।"

यदि उन नाविकों के पास समय होता तो वे नौका पर कौन-कौन से खेल खेल सकते थे? सूची बनाओ-

Answer.

1.शतरंज

2.लूडो

3.चेकर्स

4.व्यापारी

5.टेबल टेनिस

6.ताश

Page : 41, Block Name : खेल

Q10 'दिन में एक बार हम नौका पर खुशी का घंटा बिताते'

यदि तुम्हें स्कूल में खुश का घंटा बिताने का मौका मिले, तो तुम उस एक घंटे में कौन-कौन से काम करना चाहोगे।

Answer. स्कूल में यदि खुशी का एक घंटा मिले तो हम अपने दोस्तों के साथ बिताना पसंद करेंगे | दोस्तों के साथ बातें, खेल इसी में हम समय व्यतीत करेंगे |

Page : 41, Block Name : खुशी का घंटा

Q11 "हम सब इस अभियान के खतरे को जानते थे, हमें यह भी ज्ञात था कि शायद हम कभी वापस न लौट सकें।"

वे दस नाविक इतनी खतरनाक यात्रा के लिए क्यों निकले होंगे आपस में चर्चा करो।

Answer. वे दस नाविक शायद इसलिए निकले होंगे क्योंकि उन्हें दुनिया का चक्कर लगाने का अनुभव लेना था, उस जिज्ञासा और उत्तेजना के कारण ही इनमें वो जोश और वो दृढ़ता भरा आत्मविश्वास बना होगा तभी वो इतना लंबा सफर करने को तैयार हुए होंगे।

aglasem.com

Page : 41, Block Name : हिम्मतवाले

Q12 "जो लोग चौकसी से हटते, वे अपने कपड़े बदलते, खाना खाते, पढ़ते, रेडियो सुनते और अपनी ड्यूटी के अन्य कार्य जैसे रेडियो की जाँच, इंजन की जाँच तथा व्यंजन सूची के अनुसार भोजन बनाने के लिए राशन देने का काम निबटाते।"

इस वाक्य को कई छोटे-छोटे वाक्यों के रूप में भी लिखा जा सकता है जैसे–

जो लोग चौकसी से हटते, वे अपने कपड़े बदलते। वे खाना खाते, पढ़ते और रेडियो सुनते। वे अपनी ड्यूटी के अन्य कार्य करते जैसे रेडियो की जाँच और इंजन की जाँच। वे व्यंजन सूची के अनुसार भोजन बनाने के लिए राशन देने का काम निबटाते।

तुम इसी प्रकार नीचे लिखे वाक्य को छोट-छोटे वाक्यों में बदलो–

प्रथम भारतीय नौका अभियान दल विश्व की परिक्रमा करके 54,000 किलोमीटर की दूरी मापकर 470 दिन की ऐतिहासिक यात्रा के बाद 10 जनवरी, 1987 को 6.00 बजे मुंबई बंदरगाह पहुँचा।

Answer. प्रथम भारतीय नौका अभियान दल विश्व की परिक्रमा के लिए निकला। उसकी दूरी 54,000 किलोमीटर थी। जिसको पूरा करने में 470 दिन लगे।इस ऐतिहासिक यात्रा की समाप्ति 10जनवरी 1987 को 6 बजे मुम्बई बंदरगाह पर हुई।

Page : 41, Block Name : छोटे-छोटे

Q13 सही उपसर्ग लगाओ

| अ , सु |
|---|

ऊपर बॉक्स में दिए गए उपसर्ग लगाकर सार्थक शब्द बनाओ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सफल | + | ................. | = | ................. |
| (ख) | स्वागत | + | ................. | = | ................. |
| (ग) | विश्वास | + | ................. | = | ................. |
| (घ) | कन्या | + | ................. | = | ................. |
| (ङ) | पुत्र | + | ................. | = | ................. |

Answer.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सफल | + | अ | = | असफल |
| (ख) | स्वागत | + | सु | = | सुस्वागत |
| (ग) | विश्वास | + | अ | = | अविश्वास |
| (घ) | कन्या | + | सु | = | सुकन्या |

aglasem.com

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (ङ) | पुत्र | + | सु | = | सुपुत्र |

Page : 43 , Block Name : सही उपसर्ग लगाओ

Q14 में, ने, को, का, के, लिए, से, पर

तालिका में से यही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों में भरो।

(i) सीमा ................ फल खाए।

(ii) रोहित ................ पेन नया है।

(iii) माँ-बच्चों ................ मिठाई लाई।

(iv) हमने रस्सी ................ कपड़े सुखाए।

(v) मैंने बैग ................ किताबें रखीं।

(vi) पौधों ................ गमलों में रखो।

(vii) केरल जम्मू ................ बहुत दूर है।

Answer.

(i) सीमा ने फल खाए।

(ii) रोहित का पेन नया है।

(iii) माँ-बच्चों के लिए मिठाई लाई।

(iv) हमने रस्सी पर कपड़े सुखाए।

(v) मैंने बैग में किताबें रखीं।

(vi) पौधों को गमलों में रखो।

(vii) केरल जम्मू से बहुत दूर हैं।

Page : 44 , Block Name : सही वाक्य

aglasem.com